<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने निम्नलिखित बयान जारी किया :–</u>

29 मई, 2017

‘‘भारत की गंगाजमुनी तहज़ीब और कांग्रेस पार्टी की संस्कृति किसी जीव के प्रति हिंसा तथा निर्दयता का कड़ा विरोध करती है, विशेषतः ‘गाय’, जिसका सब भारतीयों के हृदय में एक विशेष स्थान है।

केरल की भयावह घटना निंदनीय और दर्दनाक है। ऐसे काम हमारी जीवनशैली का अंग नहीं हो सकते। ऐसे तत्वों का कांग्रेस पार्टी में कोई स्थान नहीं। इसलिए यूथ कांग्रेस ने तथाकथित कार्यकर्ताओं को निलंबित कर दिया है।

इस क्रूर घटना की सबसे पहले निंदा व कड़ी आलोचना कांग्रेस उपाध्यक्ष, श्री राहुल गांधी ने सटीक शब्दों में की, जो निम्नलिखित है :–



दुर्भाग्य से भाजपा सहारनपुर में हो रहे दलितों पर अत्याचारों व यूपी के मुख्यमंत्री द्वारा छुआछूत तथा घ्रणा की शर्मनाक घटनाओं से ध्यान भटकाने के लिए ध्रुवीकरण की कुत्सित राजनीति कर रही है। इससे निंदनीय क्या हो सकता है कि यूपी के मुख्यमंत्री, श्री आदित्यनाथ के प्रशासन ने छुआछूत के अपराध को अंजाम देते हुए गरीब दलित ‘मुसाहर’ समुदाय के व्यक्तियों को पहले साबुन से नहाने और फिर खुद पर परफ्यूम छिड़ककर मुख्यमंत्री के सामने जाने को मजबूर किया, ताकि उनके शरीर और कपड़ों की संभावित बदबू श्री आदित्यनाथ तक न पहुंच सके।

भाजपा नेतृत्व को निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने होंगे:–

1. केंद्रीय भाजपा व गोवा की भाजपा सरकार मिलकर गोवा में एक बूचड़खना चलाते हैं। **इसके फोटो साथ संलग्न हैं।**

<u>इस बारे भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की क्या राय है?</u>

2. 27 मई, 2017 को एक अन्य सहयोगी के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय गृहराज्यमंत्री, श्री किरन रिजुजू ने आईज़ोल में कहा कि ''मैं गाय का मांस खाता हूं, मैं अरुणाचल प्रदेश से हूं, क्या कोई मुझे रोक सकता है?'' यही नहीं मेघालय, नागालैंड व मिजोरम की भाजपा इकाईयों ने भी सब्सिडाईज़्ड बीफ की बिक्री के हक में अपना पक्ष सार्वजनिक तौर से रखा है। हमें किसी के भी निजी जीवन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। यह लोकतांत्रिक देश है। कभी–कभी कुछ ऐसे बयान दे दिए जाते हैं, जो कड़वे होते हैं।

<u>इस बारे भाजपा नेतृत्व क्या कहेगा?</u>

3. यूपी भाजपा के मंत्री, संगीत सोम द्वारा अल–दुआ फूड प्रोसेसिंग प्राईवेट लि. सन 2005 में मांस और मांस के उत्पादों का व्यापार करने के लिए स्थापित की गई थी। अल–दुआ की वेबसाईट की मानें तो यह कंपनी ''भारत से हलाल मीट की सबसे बड़ी उत्पादक व निर्यातक है।''

यूपी के मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ की इस बारे क्या राय है क्योंकि उन्होंने संगीत सोम को सीनियर कैबिनेट मंत्री का पद दिया है।

4. 2 अप्रैल, 2017 को केरल में मल्लापुरम लोकसभा उप–चुनाव में भाजपा के आधिकारिक प्रत्याशी, श्रीप्रकाश ने कहा, ''मैं अपने चुनाव क्षेत्र में श्रेष्ठ गुणवत्ता का गाय का मांस व बूचड़खानों की व्यवस्था करूंगा।''

भाजपा अध्यक्ष की इस बारे क्या राय है, जिन्होंने उन्हें अपने प्रत्याशी के रूप में उतारा था?

5. प्रधानमंत्री 2014 के चुनावो से पहले पिंक रिवॉल्यूशन (गुलाबी क्रांति) का जबरदस्त विरोध करते थे। लेकिन सच यह है कि केंद्रीय भाजपा सरकार के कार्यकाल में बीफ का निर्यात 70% बढ़ा है (स्रोत : वाणिज्य मंत्रालय की वेबसाईट)। **भाजपा अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री की अब इस बारे क्या राय है?**

6. 28 मई, 2015 को भाजपा अध्यक्ष, श्री अमित शाह ने गोवा में राष्ट्रव्यापी 'बीफ बैन' लगाने से इंकार किया था। **क्या भाजपा नेतृत्व की राय अभी भी वही है या बदल गई है?**

7. क्या यह सच नहीं है कि जब मौजूदा प्रधानमंत्री गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो उनकी देखरेख में गुजरात में मांस का उत्पादन साल 2001–02 में 10,600 टन से बढ़कर 2010–11 में 20,000 टन हो गया था।

समय आ गया है कि अब दोगली बातों और झूठ–फरेब भाजपा की दाल नहीं गलेगी। भाजपा को देश के 125 करोड़ नागरिकों को जवाब देना ही होगा।